भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1538
जिसका उत्तर 13 फरवरी, 2025 को दिया जाना है।
.....

राप्ती नदी के कारण बाढ़

1538. श्री राम शिरोमणि वर्मा:

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने लगभग प्रतिवर्ष राप्ती नदी में बार-बार अपने वाली बाढ़ और उसके परिणामस्वरूप जान-माल की क्षति के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) बाढ़ को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों सहित राप्ती नदी के तट पर स्थित श्रावस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और बलरामपुर जिले में बाढ़ के कारण हुई जान-माल की क्षति का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राप्ती नदी के दोनों किनारों पर बांधों की ऊंचाई बढ़ाने और नए बांधों का निर्माण करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी

(क) और (ख): बाढ़ प्रबंधन एवं कटान रोधी परियोजनाएं संबंधित राज्य सरकारों द्वारा उनकी प्राथमिकता के अनुसार तैयार एवं क्रियान्वित की जाती हैं। केन्द्र सरकार, महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन के लिए तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है। राज्य द्वारा राप्ती नदी पर तटबंधों का निर्माण कर बाढ़ बचाव कार्य कराया जा रहा है। राज्य द्वारा श्रावस्ती जिले में राप्ती नदी के दाएं/बाएं तट पर 65.00 किमी लम्बा तटबंध बनाया गया है। राज्य द्वारा गंडक संगठन के अंतर्गत बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, गोरखपुर, संतकबीरनगर एवं देवरिया जिलों में राप्ती नदी के दाएं/बाएं तट पर कुल 824.207 किमी लम्बाई का तटबंध बनाया गया है।

बाढ़ प्रबंधन के संरचनात्मक उपायों को मजबूत करने के लिए, मंत्रालय ने नदी प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, कटाव-रोधी, जल निकासी विकास, समुद्र कटाव-रोधी आदि से संबंधित कार्यों के लिए

राज्यों को केंद्रीय सहायता प्रदान करने के लिए ग्यारहवीं और बारहवीं योजना के दौरान बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) लागू किया था, जो बाद में वर्ष 2017-18 से वर्ष 2020-21 तक की अवधि के लिए "बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम" (एफएमबीएपी) के एक घटक के रूप में जारी रहा और इसे मार्च, 2026 तक आगे बढ़ा दिया गया। सरकार ने एफएमबीएपी के अंतर्गत इसकी स्थापना के बाद से बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं को शुरू करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को 692.75 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी है।

बाढ़ प्रबंधन के एक गैर-संरचनात्मक उपाय के रूप में, केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) चिन्हित स्थानों पर संबंधित राज्य सरकारों को बाढ़ का पूर्वानुमान जारी करता है। उत्तर प्रदेश में कुल 44 (5 इनफ्लो और 39 लेवल) बाढ़ पूर्वानुमान स्टेशन हैं। मुख्य राप्ती नदी पर 4 लेवल पूर्वानुमान स्टेशन हैं, जिनके नाम हैं बलरामपुर, बांसी, गोरखपुर और काकरधारी। चौबीस घंटे तक के लीड टाइम के साथ बाढ़ पूर्वानुमान के अलावा, सीडब्ल्यूसी वर्षा-अपवाह गणितीय मॉडलिंग के आधार पर सात दिवसीय परामर्शी बाढ़ पूर्वानुमान भी प्रदान कर रहा है।

(ग): राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, राप्ती नदी के किनारे स्थित जिलों में बाढ़ के कारण हुई जान-माल की क्षति का विवरण अनुलग्नक पर दिया गया है।

(घ) और (ङ): राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राप्ती नदी के दोनों किनारों पर बांधों की ऊंचाई बढ़ाने तथा नये बांध बनाने का प्रस्ताव नहीं किया है।

*****

अनुलग्नक

"राप्ती नदी के कारण बाढ़" के संबंध में दिनांक 13.02.2025 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1538 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

| राप्ती नदी के किनारे स्थित जिलों में क्षति का ब्यौरा | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जिले | वर्ष | मानव क्षति | पशु धन की क्षति | क्षतिग्रस्त घर | फसल की क्षति (हेक्टेयर) |
| 1 | श्रावस्ती | 2021-2022 | 1 | 2 | 9 | 4640 |
| | | 2022-2023 | 4 | 3 | 1321 | 42109 |
| | | 2023-2024 | 4 | 1 | 24 | 0 |
| | | 2024-2025 | 4 | 1 | 123 | 16480 |
| 2 | बलरामपुर | 2021-2022 | 3 | 0 | 42 | 20020 |
| | | 2022-2023 | 11 | 4 | 1449 | 79390 |
| | | 2023-2024 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | | 2024-2025 | 4 | 4 | 164 | 23370 |
| 3 | सिद्धार्थ नगर | 2021-2022 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2022-2023 | 11 | 2 | 327 | 29641 |
| | | 2023-2024 | 3 | 0 | 406 | 51383 |
| | | 2024-2025 | 3 | 0 | 23 | 23294.34 |
| 4 | महराजगंज | 2021-2022 | 0 | 0 | 1282 | 24387.28 |
| | | 2022-2023 | 0 | 0 | 0 | 1873.38 |
| | | 2023-2024 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2024-2025 | 0 | 1 | 681 | 0 |
| 5 | संतकबीर नगर | 2021-2022 | 6 | 0 | 49 | 1364.00 |
| | | 2022-2023 | 3 | 1 | 33 | 255.25 |
| | | 2023-2024 | 14 | 0 | 17 | 0 |
| | | 2024-2025 | 0 | 0 | 0 | 140 |
| 6 | गोरखपुर | 2021-2022 | 14 | 0 | 0 | 64720 |
| | | 2022-2023 | 1 | 0 | 0 | 28096 |
| | | 2023-2024 | 0 | 1 | 0 | 10537 |
| | | 2024-2025 | 0 | 0 | 0 | 2782.79 |
| 7 | देवरिया | 2021-2022 | 2 | 0 | 149 | 7030.261 |
| | | 2022-2023 | 0 | 0 | 0 | 1077.84 |
| | | 2023-2024 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 2024-2025 | 0 | 0 | 0 | 0 |

*****